**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : 12/14/ET** **Booklet Sr. No.........187.........**

# TEST BOOKLET

# HINDI

# PAPER II

Time Allowed : $1\frac{1}{4}$ Hours] [Maximum Marks : 100

*All* questions carry equal marks.

## INSTRUCTIONS

1. Write your Roll Number only in the box provided alongside. Do not write anything else on the Test Booklet.
2. This Test Booklet contains **50** items (questions). Each item comprises four responses (answers). Choose only one response for each item which you consider the best.
3. After the candidate has read each item in the Test Booklet and decided which of the given responses is correct or the best, he has to mark the circle containing the letter of the selected response by blackening it completely with ball point pen as shown below. *H.B. Pencil should not be used* in blackening the circle to indicate responses on the answer sheet. In the following example, response "C" is so marked :

   (A) (B) ● (D)

4. Do the encoding carefully as given in the illustrations. While encoding your particulars or marking the answers on answer sheet, you should blacken the circle corresponding to the choice in full and no part of the circle should be left unfilled. You may clearly note that since the answer sheets are to be scored/evaluated on machine, any violation of the instructions may result in reduction of your marks for which you would yourself be responsible.
5. You have to mark all your responses ONLY on the ANSWER SHEET separately given. *Responses marked on the Test Booklet or in any paper other than the answer sheet shall not be examined.* Use ball point pen for marking responses.
6. All items carry equal marks. Attempt all items.
7. Before you proceed to mark responses in the Answer Sheet fill in the particulars in the front portion of the Answer Sheet as per the instructions.
8. After you have completed the test, hand over the OMR answer-sheet to the Invigilator.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

## हिंदी

### प्रश्नपत्र II

समय : $1\frac{1}{4}$ घण्टे] [पूर्णांक : 100

**नोट** :— इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।

1. चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' ने आदिकालीन साहित्य की भाषा को क्या नाम दिया था ?

   (A) अपभ्रंश (B) अवहट्ठ

   (C) अवहत्थ (D) पुरानी हिंदी

2. अपभ्रंश भाषा है :

   (A) क-वर्ग प्रधान (B) च-वर्ग प्रधान

   (C) ट-वर्ग प्रधान (D) त-वर्ग प्रधान

3. 'दोहाकोश' किसकी रचना है ?

   (A) हेमचन्द्र (B) सरहपा

   (C) स्वयंभू (D) मेरुतुंग

4. कौनसी भाषा देवनागरी से बिल्कुल भिन्न लिपि में लिखी जाती है ?

   (A) मराठी (B) बांग्ला

   (C) तेलुगु (D) गुजराती

5. जुग जुग देत घटा नहिं उभै हाथ तस कीन्ह ।

अउर जो देहिं जगत महँ सो सब ताकर दीन्ह ॥

— उपर्युक्त पंक्तियों की भाषा है :

(A) भोजपुरी (B) मैथिली

(C) ब्रज (D) अवधी

6. भारत के संविधान में राजभाषा-संबंधी अनुच्छेद हैं :

(A) 342-351 (B) 343-357

(C) 343-351 (D) 342-357

7. भारतीय आर्य भाषा परिवार की भाषाओं का मूल स्रोत कौनसी भाषा है ?

(A) हिंदी (B) मराठी

(C) लौकिक संस्कृत (D) वैदिक संस्कृत

8. रामकुमार वर्मा ने 'हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' में किस काल तक का इतिहास प्रस्तुत किया है ?

(A) आदिकाल (B) रीतिकाल

(C) आधुनिक काल (D) भक्तिकाल

9. 'हिंदी नई चाल में ढली' — यह कथन भारतेन्दु ने 'कालचक्र' पुस्तक में कब नोट किया ?

(A) 1870 ई. में (B) 1871 ई. में

(C) 1873 ई. में (D) 1872 ई. में

10. 'प्रजाहितैषी' के संपादक कौन थे ?

(A) सदल मिश्र
(B) राजा लक्ष्मण सिंह
(C) प्रतापनारायण मिश्र
(D) अंबिकादत्त व्यास

11. 'हिंदी साहित्य का बृहत् इतिहास' का प्रकाशन किस संस्था ने किया ?

(A) नागरी प्रचारिणी सभा
(B) हिंदी साहित्य सम्मेलन
(C) राष्ट्रभाषा प्रचार समिति
(D) बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्

12. हिंदी साहित्य के आधुनिक काल को पहली बार 'गद्य काल' किसने कहा ?

(A) मिश्र बंधु
(B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(D) डॉ. नगेन्द्र

13. 'प्राकृत व्याकरण' किसकी रचना है ?

(A) हेमचन्द्र
(B) सोमप्रभ सूरि
(C) विद्याधर
(D) शार्ङ्गधर

14. धार्मिक प्रचार के लिए रामकथा का उपयोग किस साहित्य में किया गया है ?

(A) सिद्ध साहित्य
(B) नाथ साहित्य
(C) रासो साहित्य
(D) जैन साहित्य

15. गोरख जगायो जोग, भगति भगायो लोग ।

– उपर्युक्त कथन किसका है ?

(A) कबीरदास (B) तुलसीदास

(C) सूरदास (D) रैदास

16. निम्नलिखित में से उसमान की पंक्ति(याँ) है/हैं :

(A) प्रेम कथा एहिं भांति विचारहु ।

(B) कथा जगत जेती कबि आई ।

(C) जाकी बुद्धि होई अधिकाई ।

आन कथा एक कहै बनाई ॥

(D) कहौं बात सुनौ सब लोग ।

कथा कथा सिंगार वियोग ॥

17. 'नागमती-वियोग खण्ड' में बारहमासा वर्णन किस माह से आरंभ होता है ?

(A) सावन (B) असाढ़

(C) भादौं (D) कुँआरु

18. संप्रदाय निरपेक्ष कृष्णकाव्य के कवि हैं ?

(A) रसखान (B) ध्रुवदास

(C) दामोदरदास (D) हरिराम व्यास

19. 'भक्तमाल' में रामानंद के शिष्यों की संख्या है :

(A) ग्यारह
(B) चौदह
(C) बारह
(D) दस

20. "शृंगार रस के ग्रन्थों में जितनी ख्याति और जितना मान 'बिहारी सतसई' का हुआ उतना और किसी का नहीं ।" यह कथन है :

(A) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र का
(B) रामशंकर शुक्ल 'रसाल' का
(C) बच्चन सिंह का
(D) रामचन्द्र शुक्ल का

21. रीतिसिद्ध कवि हैं :

(A) पद्माकर
(B) बोधा
(C) बिहारी
(D) चिंतामणि

22. 'इतिहास तिमिरनाशक' के लेखक हैं :

(A) शिवप्रसाद 'सितारेहिंद'
(B) राजा लक्ष्मण सिंह
(C) मिश्रबंधु
(D) शिवसिंह सेंगर

23. 'भारत मित्र' कहाँ से प्रकाशित होता था ?

(A) दिल्ली
(B) इलाहाबाद
(C) कलकत्ता
(D) बनारस

24. केवल मनोरंजन न कवि का कर्म होना चाहिए,

उसमें उचित उपदेश का भी मर्म होना चाहिए ॥

– उपर्युक्त पंक्तियाँ किस रचना से ली गई हैं ?

(A) जय भारत
(B) भारत भारती
(C) पंचवटी
(D) स्वदेश संगीत

25. 'वह आदमी नया गरम कोट पहिनकर चला गया विचार की तरह' कविता-संग्रह किसका है ?

(A) चंद्रकांत देवताले
(B) विनोद कुमार शुक्ल
(C) विष्णु खरे
(D) मंगलेश डबराल

26. 'छायावाद' को किस आलोचक ने "कालशैली या पद्धति-विशेष' के आधार पर व्याख्यायित किया है ?

(A) रामविलास शर्मा
(B) नामवर सिंह
(C) मुक्तिबोध
(D) रामचन्द्र शुक्ल

27. कौनसा कवि अज्ञेय संपादित 'सप्तक-काव्य' में शामिल **नहीं** था ?

(A) नेमिचंद्र जैन
(B) हरिनारायण व्यास
(C) शकुंत माथुर
(D) जगदीश चतुर्वेदी

28. निम्नलिखित में से कौनसा कविता-संग्रह नागार्जुन का **नहीं** है ?

(A) तालाब की मछलियाँ
(B) इस गुब्बारे की छाया में
(C) उस जनपद का कवि हूँ
(D) हजार-हजार बाँहों वाली

29. निम्नलिखित में से कौनसी पत्रिका दिल्ली से प्रकाशित **नहीं** होती ?

(A) नया ज्ञानोदय (B) आजकल

(C) कथादेश (D) वागर्थ

30. निम्नलिखित में से किस उपन्यास को साहित्य अकादमी पुरस्कार **नहीं** मिला ?

(A) इन्हीं हथियारों से (B) विनायक

(C) आधा गाँव (D) राग दरबारी

31. उपन्यास-उपन्यासकार युग्म की दृष्टि से सही विकल्प **नहीं** है :

(A) यह पथ बंधु था – नरेश मेहता

(B) चारु चंद्रलेख – हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) परती परिकथा – फणीश्वरनाथ 'रेणु'

(D) काली आँधी – राजेन्द्र यादव

32. किस उपन्यास की कथाभूमि महानगर केन्द्रित **नहीं** है ?

(A) दो मुर्दों के लिए गुलदस्ता (B) अलग-अलग वैतरणी

(C) अँधेरे बंद कमरे (D) मुर्दाघर

33. 'वांगचू' कहानी के लेखक हैं :

(A) भीष्म साहनी (B) शेखर जोशी

(C) मार्कण्डेय (D) अरुण प्रकाश

34. निम्नलिखित में से उदय प्रकाश की कहानी है :

(A) दुनिया की सबसे हसीन औरत
(B) पाल गोमरा का स्कूटर
(C) पच्चीस चौके डेढ़ सौ
(D) फ़ातिमा बाई कोठे पर नहीं रहती

35. रामगोपाल बजाज किस क्षेत्र से संबद्ध होने के कारण प्रसिद्ध हैं ?

(A) नाटक और रंगमंच
(B) कहानी और उपन्यास
(C) डायरी और रिपोर्ताज
(D) कविता और आत्मकथा

36. 'प्रेमचंद के फटे जूते' निबंध के लेखक हैं :

(A) शरद जोशी
(B) नरेन्द्र कोहली
(C) कुबेरनाथ राय
(D) हरिशंकर परसाई

37. डॉक्टर रामविलास शर्मा की अंतिम प्रकाशित पुस्तक है :

(A) भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश
(B) भारतीय सौंदर्यबोध और तुलसीदास
(C) अपनी धरती अपने लोग
(D) हिंदी जाति का साहित्य

38. निम्नलिखित आलोचकों में से किसने सुमित्रानंदन पंत पर स्वतंत्र पुस्तक लिखी है ?

(A) डॉ. नगेन्द्र
(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(C) डॉ. रामविलास शर्मा
(D) डॉ. नामवर सिंह

39. डॉ. रामविलास शर्मा की रचना 'पंचरत्न' है :

(A) आत्मकथा
(B) रेखाचित्र
(C) संस्मरण
(D) डायरी

40. फणीश्वरनाथ 'रेणु' लिखित रिपोर्ताज है :

(A) लाल धरती
(B) ऋणजल धनजल
(C) तूफ़ानों के बीच
(D) प्लाट का मोर्चा

41. भरतमुनि ने रसों की संख्या मानी है :

(A) नौ
(B) ग्यारह
(C) दस
(D) आठ

42. भरतमुनि के व्याख्याकारों में से 'भुक्तिवाद' के प्रवर्तक हैं :

(A) भट्टलोल्लट
(B) श्री शंकुक
(C) भट्टनायक
(D) अभिनवगुप्त

43. 'कविता में बिम्बग्रहण होता है, अर्थग्रहण नहीं ।'

– उपर्युक्त कथन के लेखक हैं :

(A) कुमार विमल
(B) डॉ. नगेन्द्र
(C) केदारनाथ सिंह
(D) रामचन्द्र शुक्ल

44. लक्षणा शब्द-शक्ति के अंतर्गत मुख्यार्थ में बाधा किन कारणों से होती है ?

(A) रूढ़ि और व्यंजना
(B) रूढ़ि और प्रयोजन
(C) रूढ़ि और संकेत
(D) रूढ़ि और ध्वनि

45. असलक्ष्यक्रम ध्वनि का पर्याय है :

(A) चित्र काव्य
(B) अलंकार काव्य
(C) वस्तु काव्य
(D) रस काव्य

46. चलती चक्की देख के दिया कबीरा रोय ।

दो पाटन के बीच में साबित बचा न कोय ॥

— उपर्युक्त पंक्तियों में कौनसा अलंकार है ?

(A) अन्योक्ति
(B) समासोक्ति
(C) अत्युक्ति
(D) वक्रोक्ति

47. 'द डेथ ऑफ् ऑथर' (लेखक का अंत) निबंध के लेखक कौन हैं ?

(A) मिशेल फूको
(B) ज़्याक देरिदा
(C) रोलाँ बार्थ
(D) ल्योतार्द

48. 'समाजवादी यथार्थवाद' के समर्थक हैं :

(A) मैक्सीम गोर्की
(B) रोमन याकोव्सन
(C) ई.वी. कोनराद
(D) लियाँन त्रोत्स्की

49. 'विखण्डन' से संबद्ध विचारक हैं :

(A) ज्याँ पाल सार्त्र
(B) फ्रेडरिक जेम्सन
(C) ज़्याक देरिदा
(D) टोनी बेनेट

50. निम्नलिखित में से काव्यदोष **नहीं** है :

(A) ग्राम्यत्व
(B) च्युत संस्कृति
(C) नाक्रमत्व
(D) अधिकपदत्व